


NEWS TODAY Update

# युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com  website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06  अंक : 07+20  तिथि : 21 अप्रैल 2020  मूल्य : निःशुल्क  प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

# साजिश में शामिल होने और मदद करने के आरोप में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मो. शाहिद और 16 विदेशी जमाती समेत 30 लोग गिरफ्तार



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

**बिग ब्रेकिंग**




दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित मरकज के तब्लीगी जमात में विदेशी नागरिकों के साथ ही प्रोफेसर सहित अन्य कई शख्स शामिल हुए थे। थाईलैंड के नौ नागरिक के यहां आने पर पुलिस को खबर दी गई थी, लेकिन अब्दुल्ला मस्जिद व मुसाफिर खाना में ठहरने वाले इंडोनेशियाई नागरिकों के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी।

### प्रोफेसर ने जमातियों को यहां रुकवाया था

जमातियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो उनके बारे में पता चला। साथ ही जांच में यह भी तथ्य सामने आया कि सभी टूरिस्ट वीजा के जरिए भारत आकर धर्म का प्रचार कर रहे थे। उनके वीजा में प्रयागराज आने, विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करने, साजिश में शामिल होने और मदद करने के आरोप में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मो. शाहिद और 16 विदेशी जमाती समेत 30 लोगों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से जमातियों के करीबियों में खलबली मच गई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपितों में इंडोनेशिया के सात, थाईलैंड के नौ, केरल व पश्चिम बंगाल के एक–एक व्यक्ति शामिल हैं। शाहगंज की अब्दुल्ला मस्जिद और करेली के हेरा मस्जिद से जुड़े कई लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि इन सभी को महबूबा गेस्ट हाउस समेत अन्य स्थानों पर क्वारंटाइन किया गया था। अब वहां अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाकर उन्हें पुलिस की गिरफ्त में होने की जानकारी दी गई है।

उनके वीजा में प्रयागराज आने पर रोक थी, इसके बावजूद वह यहां आकर छिपे थे, जो गलत था। इस पर उनके विरुद्ध करेली व शाहगंज थाने में एफआइआर दर्ज हुई थी। इंडोनेशियाई जमातियों के लिए रहने व खाने का इंतजाम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मो. शाहिद ने किया था। ऐसे में उनका नाम शाहगंज थाने में दर्ज मुकदमे में प्रकाश में आया था।

### बोले एसएसपी

एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करने, उस योजना में शामिल होने और मदद करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।




# देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 53 मीडिया कर्मियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर दिल्ली सरकार दिल्ली में भी मीडियाकर्मियों के कोरोना टेस्ट करवाएगी



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह







देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 53 मीडिया कर्मियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार सतर्क हो गई है। ऐसे में दिल्ली में भी मीडियाकर्मियों के कोरोना टेस्ट करवाए जाएंगे।

दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बाबत एक ट्वीट का जवाब देते हुए इशारों–इशारों में मीडिया कर्मियों के टेस्ट करवाने के संकेत दिए हैं। दरअसल, एक शख्स ने मुंबई में 53 मीडियो कर्मियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की जानकारी दी थी। इस पर प्रतिक्रिया में केजरीवाल ने ट्वीट किया– 'श्योर वी विल दू दैट' ।

यहां पर बता दें कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य महाराष्ट्र है, तो दूसरे स्थान पर स्थान पर दिल्ली है। दोनों ही राज्यों में तेजी से कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। दिल्ली में जहां 2000 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं, तो पूरे महाराष्ट्र में कोरोना पीड़ितों की संख्या 3000 को पार कर गई है। कोरोना टेस्ट के बाद सोमवार को ही मुंबई में 53 पत्रकार कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। इन सभी पत्रकारों को फिलहाल इलाज के लिए आइसोलेशन में रखा गया है।

यहां पर बता दें कि दिल्ली में अब तक कुल 2081 कोरोना पॉजिटिव के मामले सामने आए हैं। इनमें बड़ी संख्या में निजामुद्दीन तब्लीगी मकरज स्थित जमाती हैं। वहीं, दिल्ली सरकार ने अपने अहम फैसले में तय किया है कि कोरोना के लिए अधिकृत अस्पतालों में अब सिर्फ गंभीर और उन्हीं मरीजों का इलाज होगा, जिन्हें सांस लेने में परेशानी, इन्टेंसिव केयर की जरूरत व पुरानी बीमारी होगी। यही वजह है कि कोविड अस्पतालों से हल्के लक्षण व बिना लक्षण वाले कोरोना संक्रमित लोगों को कोविड केयर सेंटर में स्थानांतरित किया जा रहा है।

इस बीच दिल्ली में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली सरकार ने सोमवार से कोरोना की रैपिड टेस्टिंग शुरू कर दी है। दिल्ली सरकार ने एक हफ्ते में 42 हजार रैपिड टेस्टिंग का लक्ष्य तय किया है। सभी हॉट स्पॉट जोन में रैपिड टेस्टिंग की जाएगी।

# बिहारशरीफ से एक ही परिवार के १६ लोगों के संक्रमित होने के साथ बिहार में कोरोना संक्रमितों की संख्या 126 हुई, सरकार ने एक आईपीएस एवं एक डीएसपी को नालंदा भेजा



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे







बिहार में कोरोना संक्रमितों की संख्या 126 हो गई है। सोमवार को नालंदा में एक साथ 17 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें सात महिलाएं तथा 10 पुरुष शामिल हैं। इसके बाद से नालंदा में हड़कंप मच गया है। उधर, बिहार में चार दिनों में दो करोड़ ला. गों की स्क्रीनिंग हुई है।

सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में डोर टू डोर स्क्रीनिंग कराई जा रही है। इसका फायदा भी देखने को मिल रहा है। कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देख्सते हुए सरकार ने एक आईपीएस एवं एक डीएसपी को नालंदा भेजा है।

बहार में कोरोना ने अब अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को राज्य में 17 और लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

ये सभी लोग बिहारशरीफ के रहने वाले हैं। इनमें 16 लोग एक ही परिवार के हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आज मिले संक्रमितों की कांटेक्ट हिस्ट्री की तलाश शुरू कर दी है। यह सभी लोग दुबई से लौटे लोगों के संपर्क में आए थे।

बिहारशरीफ से एक ही परिवार के 16 लोगों के संक्रमित होने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने बिहारशरीफ को सील करने का आदेश दिया गया है। 17 नए कोरोना संक्रमितों की पहचान के साथ ही राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 113 पर पहुंच गई है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि बिहारशरीफ से एक ही परिवार के जो 16 लोग मिले हैं उनमें छह महिलाएं हैं। इनकी आयु क्रमश : 17, 21, 23, 26, 45 और 26 है। इसके अलावा 10 पुरूष हैं। जिनकी आयु क्रमश : 14, 16, 18, 18, 19, 22, 50 और तीन लोग 60–60 वर्ष के हैं। उन्होंने बताया ये सभी लोग दुबई से लौटे एक कोरोना संक्रमित के संपर्क में आए थे। इन 16 लोगों के अलावा बिहारशरीफ से ही एक 19 वर्षीय लड़की भी संक्रमित पाई गई है। यह लड़की भी कोरोना संक्रमित के संपर्क में आई थी।

# बिना राशन कार्ड वालों को भी दी जाएगी सहायता राशि: अनुपम कुमार



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता,







सूचना जनसम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी. अनुपम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें भी सहायता राशि के तौर पर 1000 रुपए दिए जाएंगे.

### 11 लाख 28 हजार आवेदकों के राशन कार्ड को मंजूरी

सूचना जनसम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने बताया कि 36 लाख रिजेक्टेड और पेंडिंग राशन कार्डधारियों के आवेदन आए हैं. जिनमें से 11 लाख 28 हजार आवेदकों के राशन कार्ड बनाने की मंजूरी दे दी गई है. बाकि बचे लोगों का भी राशन कार्ड जल्द ही बना दिया जाएगा. जिन लोगों का राशन कार्ड अब तक नहीं बना है जीविका के माध्यम से उनकी पहचान कर उन्हें भी लाभ दिया जाएगा.

### चल रहे 196 आपदा राहत केंद्र

अनुपम कुमार ने बताया कि बिहार में कोरोना पॉजिटिव केस का आंकड़ा 96 है. राज्य में 196 आपदा राहत केन्द्र चलाए जा रहे हैं. जिसका लाभ 61 हजार 3 सौ 24 लोग उठा रहे हैं. पंचायत स्तर पर स्थित 989 क्वारेंटाईन सेंटर में 8 हजार 2 सौ 33 लोग रह रहे हैं, जिन्हें भोजन और चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जा रही है.

### आवेदकों के खाते में दिए जा रहे हजार रूपये

लॉक डाउन के कारण बिहार के बाहर फंसे बिहार के लोगों के अब तक 17 लाख 40 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिनमें से 11 लाख 70 हजार आवेदकों के खाते में 1000 रूपये की राशि स्वीकृत हो गई है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिहार फाउंडेशन के जरिए राज्य के बाहर फंसे 9 राज्यों के 12 शहरों में 55 राहत केन्द्र चलाए जा रहे हैं. जिसका 9 लाख 6 हजार 9 सौ 38 लोग लाभ ले रहे हैं.

### 104 लोगों पर एफआईआर दर्ज

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जानकारी देते हुए एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेन्द्र कुमार ने कहा कि लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है. सोशल मीडिया पर कोविड 19 को लेकर भ्रम फैलाने वाले 104 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है और 79 लोगों की गिरफ्तारी हुई है.

### 36 पीडीएस केन्द्रों को किया गया रद्द

राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर 267 पीडीएस केन्द्रों की जांच की गई. जिसमें 144 पर एफआईआर दर्ज और 127 को निलंबित किया गया है. वहीं, 36 पीडीएस केन्द्रों को रद्द कर दिया गया है. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह और एडीजी मुख्यालय जितेंद्र कुमार भी मौजूद थे.

# डॉक्टरों पर हो रहे हमलों से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नाराज, २३ अप्रैल को काला दिवस मनाने का किया एलान



सम्राट,
संवाददाता,




भारत समेत पूरी दुनिया कोरोना वायरस का प्रकोप झेल रही है. देश में अब तक 17 हजार से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं. पूरी दुनिया में स्वास्थ्यकर्मी कोविड–19 से कम से कम जान का नुकसान होने देने का प्रयास कर रहे हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं. इसे लेकर डॉक्टर्स के संगठन आवाज भी उठा रहे हैं.

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सोमवार को एक संदेश जारी कर कहा कि हमें सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराए जाएं. उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए अपशब्द और हिंसा तुरंत बंद होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर और अस्पताल इसके विरोध में 22 अप्रैल की रात 9 बजे एक मोमबत्ती जलाएंगे जो 'व्हाइट अलर्ट टू द नेशन' होगा. एसोसिएशन की ओर से आगे कहा गया कि यदि सरकार व्हाइट अलर्ट के बाद भी डॉक्टरों और अस्पतालों के खिलाफ हिंसा पर केंद्रीय कानून लागू करने में विफल रहती है, तो आइएमए 23 अप्रैल को काला दिवस घोषित करेगा. देश के सभी डॉक्टर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे.

इस संदेश में आगे कहा गया कि यदि काला दिवस के बाद भी सरकार इस विषय पर कोई फैसला नहीं करती तो इसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा. आईएमए के इस फैसले का बिहार ने भी समर्थन किया है. बिहार के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर 23 अप्रैल को काला दिवस मनाएंगे.

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830